**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को शुद्ध पेयजल से अच्छादन हेतु दिनांक 17.11.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे आयोजित बैठक की कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 17.11.2025 को आयोजित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति"** की बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत मेसर्स L&T एवं फेज–5 के अन्तर्गत मेसर्स GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED. द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति हेतु आयोजित बैठक की कार्यवृत्तः–

**1. जल जीवन मिशन फेज–2 (L&T.)**

**1. सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धताः–** सम्बन्धित फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास वर्तमान में 123 नग परियोजनाओं के सापेक्ष 152 नग श्रमिको उपलब्धता है। फर्म को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं में कम्पोनेन्टवार श्रमिको को लगाकर कार्यो की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

**2. कार्य प्रारम्भ की स्थितिः–** सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 नग परियोजनाओं के सापेक्ष में 123 नग परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, सम्बन्धित फर्म व अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है कि उपजिलाधिकारी से व्यक्गित सम्पर्क कर शेष बची 01 नग परियाजना पर भूमि उपलब्ध कराते हुए कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

**3. नलकूप कार्य :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 120 नलकूप के सापेक्ष वर्तमान तक 118 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं 118 नग नलकूप डेवलप किया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि समस्त नलकूपों के छिद्रण विकास कार्य पूर्णकर है उन सभी को संचालित किया जाए।

**4. वितरण प्रणाली :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 1919.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 1895.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा ज्वाइन्टिंग का कार्य प्रगति पर है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**5. एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 124 परियोजाओं में लक्षित 78878 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 77452 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया कि अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण करते हुए क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें।

**6. उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 नग परियोजनाओं में लक्षित 120 उच्च जलाशय के सापेक्ष 103 परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण है शेष कार्य प्रगति पर है। निर्देश दिये जाते है कि टैंक Erection की टीम बढ़ाते हुए समस्त परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

**7. पम्प हाउस–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 120 नग परियोजनाओं पर पम्प हाउस के सापेक्ष 117 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, निर्देश दिये जाते है कि शेष पम्प हाउस का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**8. सोलर–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 109 नग सोलर के सापेक्ष 102 नग सोलर प्लान्ट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। अवगत कराया गया है कि अवशेष 07 नग बचे सोलर प्लान्ट पर Low Land होने के कारण सोलर फाउडेशन का कार्य प्रारम्भ नही कराया जा सका है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है कि शासनादेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए स्वयं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**9. योजनाओं का संचालन–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 परियोजनाओं के सापेक्ष 88 नग परियोजनायें उच्च जलाशय एवं 17 नग परियोजनायें डायरेक्ट पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति करायी जा रही है। निर्देशित किया गया कि 17 नग परियोजनायें जिनपर उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति नही की जा रही है उन्हे माह, नवम्बर 2025 तक उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति करते हुए पूर्ण क्षमता पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

**2. जल जीवन मिशन फेज–5 (GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)**

**1. सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धताः–** सम्बन्धित फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास वर्तमान में 02 नग रिग मशीन, 03 नग कम्प्रेशर, 208 श्रमिक एवं 03 नग ओ.पी.यूनिट उपलब्ध है, फर्म को निर्देशित किया गया कि परियोजना के कम्पोनेन्टवार श्रमिको को लगाकर कार्यो की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

**2. कार्य प्रारम्भ की स्थिति :–** सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 नग परियोजनाओं के सापेक्ष में 164 नग परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, सम्बन्धित फर्म व डी.पी.एम.यू. टीम को निर्देशित किया गया है कि उपजिलाधिकारी से व्यक्गित सम्पर्क कर शेष बची 01 नग परियोजना (खावा पोखर) हेतु पहुँच मार्ग का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

**3. नलकूप कार्य :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 181 नलकूप के सापेक्ष वर्तमान तक 176 परियोजनाओं के नलकूप का कार्य पूर्ण है एवं वर्तमान तक 170 नग नलकूप डेवलप का कार्य किया गया है। निर्देशित किया गया कि नलकूप के विकास कार्यो में तेजी लाई जाए तथा अवशेष बचे नलकूपों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**4. वितरण प्रणाली :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 2567.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 2028.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**5. एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 165 परियोजाओं में लक्षित 80224 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 78411 नग गृह संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

**6. उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं में 170 अवर जलाशय लक्षित है परन्तु वर्तमान तक 155 उच्च जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है जिसमें से 44 नग उच्च जलाशय के इरेक्शन कार्य पूर्ण किया गया है। निर्देशित किया गया कि उच्च जलाशय की टीम बढ़ाते हुए समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

7. पम्प हाउस– 165 परियोजनाओं पर 181 नग पम्प हाउस के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान में 159 नग पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 119 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, निर्देशित किया गया कि शेष पम्प हाउस के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

8. सोलर– फर्म द्वारा 167 नग सोलर पैनल के सापेक्ष वर्तमान तक 64 परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण किया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया है कि अवशेष सोलर स्थापित करते हुए योजना सोलर के माध्यम से संचालित की जाए।

9. योजनाओं का संचालन– फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं के सापेक्ष 14 नग परियोजनायें उच्च जलाशय एवं 68 नग परियोजनायें डायरेक्ट पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति करायी जा रही है। निर्देशित किया गया कि 44 नग परियोजनायें जिनमें टॉप डोम का कार्य पूर्ण दर्शाया गया है उन्हे माह, दिसम्बर 2025 तक उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति करते हुए पूर्ण क्षमता पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वाटर वर्क्स कैम्पस हेतु आवंटित भूमि पर विवाद एवं अनुपलब्धता:–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स (GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED) की 14 परियोजनाओं तथा मेसर्स एल.एण्ड.टी. की 02 परियोजना पर (भूमि अनुपलब्धता–5/पहुंच मार्ग–3/वृक्ष कटिंग–5/न्यायालय विवाद–2/नगर पालिका से सम्बन्धित–01) निर्माण कार्य कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिस हेतु सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक को निम्न निर्देश दिये गये हैः–

i– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील इकौना की गोपालपुर एवं शिवाजोत पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित भूमि पर लगे पेड़ो की नीलामी निर्धारित तिथि पर खरीददार न मिलने के कारण नीलामी की कार्यवाही तहसील स्तर पर लम्बित है जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि पुनः वनाधिकारी से पेड़ो की मुल्यांकन दर पुनरीक्षित कराते हुए नीलामी की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

ii– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील जमुनहा के महादेवा सलारपुर पाइप पेयजल योजना में आवंटित भूमि पर स्थानीय व्यक्ति द्वारा पहुँच मार्ग पर दीवार खड़ी कर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। जिस हेतु जिलाअधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रकरण को नियमानुसार 10 दिवस के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण का स्वयं अनुश्रवण करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

iii– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील इकौना के अलीनगर, श्रवनतारा पाइप पेयजल योजना में जल कल स्थल हेतु आवंटित भूमि पर पहुँच मार्ग हेतु सरयू नहर खण्ड विभाग द्वारा निर्मित नहर के पटरी को प्रयोग में लाया जा रहा है। जिसपर वर्तमान में स्थानीय व्यक्ति द्वारा उक्त पटरी को काटकर पगडण्डी में परिवर्तित कर दी गयी है। जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा डिस्ट्रिक्ट क्वार्डिनेटर., डी.पी.एम.यू. को निर्देशित किया गया कि उपजिलाधिकारी इकौना से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त प्रकरण को 01 सप्ताह के अन्दर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण का स्वयं अनुश्रवण करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

iv– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील भिनगा के राजापुर रानी पाइप पेयजल योजना में राजस्व विभाग द्वारा आवंटित भूमि पर बोरिंग एवं उच्च जलाशय का कार्य जी.एल. लेवल तक कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परन्तु नगर पालिका परिषद की आपत्ति के उपरान्त कार्य स्थगित है। जिस हेतु समिति की बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में उक्त स्थल की अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वीकृत होने के उपरान्त ही कार्य कराया जाना सम्भव हो सकेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी भिनगा, प्रशासक को निर्देशित किया गया है कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिन्गा से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त प्रकरण का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

v– अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में कार्यरत फर्म एल.एण्ड.टी. के कार्यों पर टी.पी.आई. द्वारा 05 नग एन.सी. लगाई थी जिनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा चुका है एवं फर्म मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. के कार्यों पर टी.पी.आई. द्वारा लगाई 38 नग एन.सी. के सापेक्ष 22 नग एन.सी. का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा चुका है। वी0पी0एल0 फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा दिनांक 10.11.2025 की समिति बैठक में एक सप्ताह के भीतर 08 नग एन0सी0 निस्तारण हेतु आश्वासन दिया गया था जिसके सापेक्ष अद्यतन 02 नग एन0सी0 निस्तारित की गयी है तथा शेष 06 नग एन0सी0 01 सप्ताह में एवं 10 नग एन.सी. के जलकल स्थल पर जल भराव सूखने के उपरान्त निस्तारित करने हेतु आवश्वासन दिया गया है।

vi– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील इकौना किड़ियौना एवं तहसील जमुनहा के उदलहवा–सेहरिया पाइप पेयजल योजना के जलकल परिसर की आवंटित भूमि पर मा0 उच्च न्यायालय मा0 सिविल कोर्ट भिनगा द्वारा स्टे लगे होने के कारण कार्य बाधित है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रकरण से सम्बन्धित सम्पूर्ण पत्रावली 02 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजनाओं (ग्राम पंचायतवार) की प्रगति के विवरण की प्रति हार्डकॉपी/सॉफ्ट कॉपी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को 02 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।

पत्रांक 2522 /जल निगम/जल जीवन मिशन/2025–26 /783 दिनांक :– 24/11/2025

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ।

2. आयुक्त महोदय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
3. जिलाधिकारी महोदय, श्रावस्ती।
4. अधिशासी अभियन्ता, **खण्ड** कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।
5. मे. लारसेन **एण्ड टूब्रों, माउन्ट** पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई/ फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)
6. मेसर्स सेन्सियस **प्रा.लि. (थर्ड** पार्टी इन्पेक्शन)/डी.पी.एम.यू. श्रावस्ती।

20/11/25

मुख्य विकास अधिकारी
**श्रावस्ती।**